**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 25.03.2026 (सुबह – 0830 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **राज्य में संवैधानिक नियुक्तियों पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज करेंगे उच्चस्तरीय बैठक, लोकायुक्त और सूचना आयुक्तों के नामों पर लग सकती है मुहर।**

2. **राज्य के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत पर आज सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई, शराब घाटाले के आरोपी निलंबित आइएएस विनय चौबे की जमानत पर भी होगी जिरह।**

3. **उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ संपन्न हुआ चैती छठ महापर्व, रांची समेत राज्यभर के नदी घाटों और जलाशयों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।**

4. **राज्य में साइक्लोनिक सर्कुलेशन सक्रिय, अगले दो दिन आंधी, बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी।**
5. **छत्तीसगढ़ में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का आज से आगाज, झारखंड के 150 से अधिक खिलाड़ी लेंगे हिस्सा, तीरंदाजी और हॉकी में दावेदारी मजबूत।**

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज रांची में एक उच्च स्तरीय चयन समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में राज्य के लोकायुक्त, मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त जैसे रिक्त पड़े संवैधानिक पदों पर नियुक्तियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक में मुख्यमंत्री के साथ नेता प्रतिपक्ष और कैबिनेट मंत्री भी शामिल होंगे। झारखंड हाईकोर्ट के हालिया निर्देशों के बाद, सरकार इस महीने के अंत तक इन नियुक्तियों को पूरा करने की तैयारी में है।

**********************

विश्व यक्ष्मा दिवस के अवसर पर रांची में आयोजित एक समारोह में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने 76 संविदा आधारित चिकित्सा पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर मंत्री ने राज्य के युवाओं को बड़ी खुशखबरी देते हुए कहा कि जल्द ही जेपीएससी के माध्यम से 1 हजार 250 नए डॉक्टरों की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने राज्य में मेडिकल यूनिवर्सिटी की स्थापना और स्वास्थ्य सेवाओं में एआई तकनीक के उपयोग पर भी जोर दिया।

**********************

राजधानी रांची में एलपीजी गैस की किल्लत को दूर करने के लिए जिला प्रशासन ने प्रयास तेज कर दिया है। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने एक उच्चस्तरीय बैठक कर गैस एजेंसियों को आपूर्ति और मांग के अंतर को तत्काल कम करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गैस की कालाबाजारी या अवैध भंडारण करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**********************

चर्चित टेंडर कमीशन और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राज्य के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और उनके निजी सचिव संजीव लाल की जमानत याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई होनी है। जस्टिस एम.एम. सुंदरेश और जस्टिस एन. कोटेश्वर सिंह की खंडपीठ इस मामले की सुनवाई करेगी।

**********************

बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में भी आज का दिन बेहद महत्वपूर्ण है। राज्य के निलंबित आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे और उनके सहयोगियों की जमानत याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। एसीबी यानी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा दाखिल किए गए हलफनामे के बाद, आज याचिकाकर्ता की ओर से शीर्ष अदालत में दलीलें पेश की जाएंगी।

**********************

जनता को डिजिटल माध्यम से त्वरित सेवाएं देने के लिए देवघर पुलिस ने संवाद व्हाट्सएप चैटबॉट सेवा की शुरुआत की है। पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने इस सेवा का शुभारंभ किया। इस अनूठी पहल के जरिए अब देवघर की जनता को पासपोर्ट वेरिफिकेशन, आचरण प्रमाण पत्र और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जानकारी के

लिए थाने के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। एसपी ने बताया कि संवाद चैटबॉट के माध्यम से घर बैठे ही मोबाइल पर पुलिस सेवाओं का लाभ उठाया जा सकेगा।

*********************

लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व चैती छठ का समापन आज श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ। चार दिनों तक चले इस महापर्व के अंतिम दिन, आज सुबह व्रतियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। राजधानी रांची के लाइन तालाब, हटनिया तालाब और अन्य जलाशयों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। प्रशासन द्वारा घाटों पर सुरक्षा और सफाई के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। अर्घ्य के बाद प्रसाद वितरण के साथ ही इस महापर्व का विधिवत समापन हो गया।

*********************

राज्यभर में रामनवमी का उल्लास अब अपने चरम पर है। अंतिम मंगल जुलूस के दौरान खासकर हजारीबाग की सड़कें रामभक्तों के उत्साह से सराबोर नजर आईं। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद की अगुवाई में निकली भव्य शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े। इस मौके पर उज्जैन से आए 40 विशेष कलाकारों ने शिव तांडव और राधा–कृष्ण की रासलीला की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में शामिल पूर्व केन्द्रीय मंत्री जयंत सिन्हा ने कहा कि हजारीबाग की रामनवमी की भव्यता को कोई नहीं रोक सकता।

*********************

राज्य सरकार ने रामनवमी की सरकारी छुट्टी की तारीख में बदलाव किया है। कार्मिक विभाग द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, अब राज्य में रामनवमी का सार्वजनिक अवकाश 26 मार्च के स्थान पर 27 मार्च को होगा। दरअसल, पहले कैलेंडर के अनुसार 26 मार्च को छुट्टी घोषित थी, लेकिन रामनवमी का मुख्य पर्व 27 मार्च को मनाए जाने के कारण सरकार ने यह निर्णय लिया है।

*********************

साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण राज्य के लगभग सभी जिलों में आज और कल बादल छाये रहेंगे। जबकि 27 और 28 मार्च को उत्तर पूर्व के इलाके को छोड़कर अन्य जगहों पर मेघ गर्जन, वज्रपात और तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

*********************

जनजातीय खेलों के महाकुंभ खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 का आज छत्तीसगढ़ में शानदार आगाज हो रहा है। एक रिपोर्ट

इस राष्ट्रीय स्पर्धा में झारखंड की टीम अपनी पूरी ताकत के साथ मैदान में उतर रही है। तीरंदाजी, फुटबॉल, हॉकी और एथलेटिक्स जैसे सात प्रमुख खेलों में झारखंड के जनजातीय खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि यह आयोजन राज्य के ग्रामीण और आदिवासी खिलाड़ियों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करेगा।

*********************

**प्रमुख अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने धर्म परिवर्तन पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है– इंडेन के डबल सिलेंडर कनेक्शन वाले अब 35 दिन बाद करा सकेंगे बुकिंग।

**हिन्दुस्तान** ने लिखा है– बिजली दरों पर फैसला आज, 10 फीसदी वृद्धि संभव।

**प्रभात खबर** के अनुसार जेटेट की प्रक्रिया 31 तक हो जायेगी शुरु, जून महीने तक होगी परीक्षा।

**दैनिक जागरण** के शब्द हैं– राज्यसभा जा सकती हैं कल्पना सोरेन।

*********************